# 20 May 2022 Current Affairs

**प्रश्न –हाल ही में किस मंत्रालय ने जेट एयरवेज के नए प्रमोटरों को सुरक्षा मंजूरी दे दी है ?**

**उत्तर– केंद्रीय गृह मंत्रालय – केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हाल ही में जेट एयरवेज के नए प्रमोटरों को सुरक्षा मंजूरी दे दी है। जेट एयरवेज का परिचालन 2019 में वित्तीय बाधाओं के कारण बंद कर दिया गया था।**

**नरेश गोयल के स्वामित्व वाली जेट एयरवेज ने 17 अप्रैल, 2019 को अपनी अंतिम उड़ान भरी थी.**

**प्रश्न –फ्रांसीसी उपन्यास द मेर्सॉल्ट इन्वेस्टिगेशन के बंगाली अनुवाद को कौन सा रोमेन रोलैंड बुक प्राइज़ मिला है?**

**उत्तर – पांचवां – फ्रांसीसी उपन्यास द मेर्सॉल्ट इन्वेस्टिगेशन के बंगाली अनुवाद को हाल ही में पांचवां रोमेन रोलैंड बुक प्राइज़ मिला है ।**

**मेर्सॉल्ट कॉन्ट्रे–एनक्वेटे' अल्जीरियाई लेखक और पत्रकार कामेल दाउद का पहला उपन्यास है. रोमेन रोलैंड बुक प्राइज़ को साल 2017 में स्थापित किया गया था.**

**प्रश्न –निम्न में से किस देश में बने विश्व के सबसे बड़े ग्लास बॉटम ब्रिज "बाख लांग पैदल यात्री पुल" को खोल दिया गया है?**

**उत्तर – वियतनाम – वियतनाम में स्थित विश्व के सबसे बड़े ग्लास बॉटम ब्रिज "बाख लांग पैदल यात्री पुल" को खोल दिया गया है ।**

**यह 632 मीटर (2,073 फीट) लंबा है और एक विशाल जंगल के ऊपर 150 मीटर (492 फीट) पर स्थित है.**

**प्रश्न – हाल ही में किसने प्रभा खेतान फाउंडेशन की एक साहित्यिक पहल "कलम वेबसाइट" लांच की है?**

**उत्तर – ओम बिरला – लोकसभा के अध्यक्ष , ओम बिरला ने हाल ही में स्थानीय साहित्य को समर्थन और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रभा खेतान फाउंडेशन की एक साहित्यिक पहल "कलम वेबसाइट" लांच की है ।**

**यह कलम ने वर्ष 2015 की गर्मियों में जयपुर और पटना शहरों में अपनी यात्रा शुरु की.**

www.sarkarilakshya.com

**प्रश्न -वर्ष 2022-2024 के लिए किस देश को सर्वसम्मति से एसोसिएशन ऑफ एशियन इलेक्शन अथॉरिटीज का नया अध्यक्ष चुना गया है ?**

**उत्तर- भारत - मनीला में कार्यकारी बोर्ड और महासभा की बैठक में हाल ही में वर्ष 2022-2024 के लिए भारत को सर्वसम्मति से एसोसिएशन ऑफ एशियन इलेक्शन अथॉरिटीज का नया अध्यक्ष चुना गया है ।**

**वर्तमान में चुनाव आयोग, मनीला AAEA का अध्यक्ष है।**

**कार्यकारी बोर्ड के नए सदस्य में अब रूस , उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, मालदीव, ताइवान और फिलीपींस शामिल हैं.**

**प्रश्न -निम्न में से किसे हाल ही में "अथक साहित्यिक खोज़" के लिए "बांग्ला अकादमी पुरस्कार" से सम्मानित किया गया है?**

**उत्तर- ममता बनर्जी - पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हाल ही में "अथक साहित्यिक खोज़" के लिए "बांग्ला अकादमी पुरस्कार" से सम्मानित किया गया है ।**

**उन्हें यह पुरस्कार पुस्तक "कबीता बिटान ( Kabita Bitan)" के लिए प्रदान किया गया है.**

**प्रश्न -पूर्व सुरक्षा प्रमुख जॉन ली का-चिउ को हाल ही में किस देश का अगला नेता चुना गया है ?**

**उत्तर- हांगकांग - पूर्व सुरक्षा प्रमुख जॉन ली का-चिउ को हाल ही में हांगकांग का अगला नेता चुना गया है. उन्होंने 2019 में, वह सुरक्षा सचिव के रूप में कार्य कर रहे थे।**

**जब पुलिस ने लोकतंत्र समर्थक विरोध प्रदर्शनों पर हिंसक कार्रवाई शुरू की.**

**प्रश्न - 24वें मूक बधिर ओलंपिक में निशानेबाजी में अभिनव देशवाल ने कौन सा मैडल जीता है ?**

**उत्तर- गोल्ड मैडल - 24वें मूक बधिर ओलंपिक में निशानेबाजी में अभिनव देशवाल ने देश के लिए दूसरा गोल्ड मैडल जीता है. शूट-ऑफ़ में गोल्ड मैडल जीतने से पहले वह सिल्वर मैडल जीतने वाले यूक्रेनियन ओलेक्सी लेज़ेबनिक के साथ बराबरी पर थे.**

**प्रश्न - वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अलकेश कुमार शर्मा को हाल ही में किस मंत्रालय का सचिव बनाया गया है?**

www.sarkarilakshya.com

उत्तर– इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय – वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अलकेश कुमार शर्मा को हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का सचिव बनाया गया है ।

वे इससे पूर्व कैबिनेट सचिवालय में अतिरिक्त सचिव एवं सचिव के रूप में काम कर चुके हैं.

प्रश्न – निम्न में से किस पुरस्कार से सम्मानित भारतीय संगीतकार और संतूर वादक , पंडित शिवकुमार शर्मा का हाल ही में निधन हो गया है ?

उत्तर– पद्म विभूषण – पद्म विभूषण से सम्मानित भारतीय संगीतकार और संतूर वादक , पंडित शिवकुमार शर्मा का हाल ही में 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।

उन्होंने संतूर को एक शास्त्रीय दर्ज़ा दिया और इसे अन्य पारंपरिक और प्रसिद्ध वाद्ययंत्रों जैसे सितार और सरोद के साथ ऊंचा किया है.

प्रश्न– PMJJBY, PMSBY और अटल पेंशन योजना को हाल ही में कितने वर्ष पूरे हो गए है ?

उत्तर– 7 वर्ष – प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना , प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को हाल ही में 7 वर्ष पूरे हो गए है ।

इन योजना की शुरुआत 9 मई, 2015 को कोलकाता में की गयी थी.

प्रश्न – यूं सुक–योल ने हाल ही में किस देश के 13वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है ?

उत्तर– दक्षिण कोरिया – यूं सुक–योल ने हाल ही में दक्षिण कोरिया के 13वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है । उन्होंने मज़बूत लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था की नींव पर राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया है.

प्रश्न – निम्न में से किस राज्य ने हाल ही में लाडली लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण की शुरुआत की है ?

उत्तर– मध्य प्रदेश – मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हाल ही में लाडली लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण की शुरुआत की है । इस योजना बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक अभिनव पहल है. इसका उद्देश्य लड़कियों की आर्थिक और शैक्षिक स्थिति को बढ़ाना है

प्रश्न –निम्न में से किस द्वारा जारी आंकड़ो के मुताबिक , अक्टूबर और दिसंबर 2021 के बीच भारत में बेरोजगारी दर 8.7% रही है?

उत्तर– राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय – राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा जारी आंकड़ो के मुताबिक ।

www.sarkarilakshya.com

शहरी क्षेत्रों में 15 साल से ऊपर के लोगों की बेरोजगारी दर अक्टूबर और दिसंबर 2021 के बीच 10.3% से घटकर 8.7% हो गई है ।

| | |
|---|---|
| 20 May 2022 Current Affairs in Hindi PDF | Click here |
| Study Notes PDF Hindi PDF | Click here |
| Geography 500 Question and Answer | Click here |
| हमारे टेलीग्राम से जुड़ने के लिए | क्लिक |

www.sarkarilakshya.com